प्रकाशनार्थ

02 फरवरी, 2025 गोरखपुर

गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा, जटाशंकर, गोरखपुर एवं गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान मंे एक रक्तदान शिविर का आयोजन जटाशंकर स्थित गुरूद्वारा परिसर में किया गया।

रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल जी ने कहा कि वे सर्वप्रथम गुरूद्वारा कमेटी के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं कि रक्तदान के लिए कमेटी प्रत्येक माह में गुरूद्वारा परिसर मंे रक्तदान शिविर  का आयोजन होगा। इन्होनें यह भी बताया कि रक्तदान करने से कई फायदे होते हैं,रक्तदान करने से शरीर में आयरन की मात्रा कम होती है, जिससे कैंसर का खतरा कम होता है। रक्तदान करने से तनाव कम होता है और भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार होता है और रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर और दिल के दौरा का खतरा कम होता है।

गुरूद्वारा जटाशंकर के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने पुर्वांचल में सबसे अधिक बार रक्तदान करने का कीर्तिमान स्थापित किया है और उन्होंने बताया कि रक्तदान करके हम केवल दुसरों का हि जीवन ही नही बचाते, बल्कि इससे रक्तदान का वातावरण निर्मित होता है। इस तरह स्वयं को कभी रक्त कि आवश्यकता पडने पर भी आसानी से रक्त की उपलब्धता हो सकेगी। इससे रक्तदाता के जीवन की सुरक्षा भी निहित है।

इस रक्तदान  शिविर में सत्यप्रकाश, संदीप, लखवीर सिंह, तरनजीत सिंह, वंश, मनप्रीत सिंह, महेश कुमार, के साथ लगभग 21 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनानें में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्निशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।